Title: Need to provide stoppage of Jodhpur-Howrah and North-East Express trains at Mirzapur railway station, Uttar Pradesh.

श्री रामशकल (राबर्ट्सगंज) : महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र जनपद मिर्ज़ापुर, उत्तर प्रदेश में कालीन, पीतल तथा चीनी मिट्टी के बर्तन एवं मूर्तियों का निर्माण होता है जिनकी आवश्यकता पूरे देश में है। कई प्रांतों में व्यापार की दृटि से नागरिक जाते हैं, किन्तु कुछ महत्वपूर्ण रेलगाड़ियों का ठहराव मिर्ज़ापुर रेलवे स्टेशन पर न होने से पूरा व्यवसाय प्रभावित होता है। मेरा आपके माध्यम से माननीय मंत्री जी से निवेदन है कि जोधपुर-हावड़ा एक्सप्रैस व नॉर्थ ईस्ट एक्सप्रैस का ठहराव दो मिनट के लिए रेलवे स्टेशन मिर्ज़ापुर पर करने की कृपा करें।